# आकाशवाणी शिमला

## 04.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

### पश्चिम एशिया

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल, एल.पी.जी. और प्राकृतिक गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अब 99 प्रतिशत एल.पी.जी. सिलेंडरों की बुकिंग ऑनलाइन हो रही है और 96 प्रतिशत से अधिक सिलेंडरों की डिलीवरी ओ.टी.पी. के माध्यम से की जा रही है। नई दिल्ली में आज पश्चिम एशिया की हालिया स्थिति पर अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में सुजाता शर्मा ने कहा कि कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए निगरानी और कार्रवाई लगातार जारी है।

### मंत्रिमंडलीय उपसमिति

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए गए निर्णयों में से 99 फीसदी निर्णय पूरी तरह कार्यान्वित किए जा चुके हैं। शिमला में आज मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। बैठक में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी मौजूद रहे। नेगी ने बताया कि 13 जनवरी 2023 से 25 जून 2025 तक मंत्रिमंडल की बैठकों में एक हज़ार एक सौ 60 निर्णय लिए गए जिनमें से 99 प्रतिशत निर्णय कार्यान्वित किए जा चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को शेष निर्णयों को समयबद्ध संचालित करने के निर्देश दिए।

एक अन्य मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक में लघु व सीमांत किसानों के लिए भूमि नीति पर चर्चा की गई। जगत सिंह नेगी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों पर लघु व सीमांत किसानों के भूमि कब्जों को नियमित करने के लिए नीति तैयार कर ली गई है और इस पर मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा की जाएगी। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद इसे भारत सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी मौजूद रहे।

### बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दावा किया है कि प्रदेश के 12 में से नौ जिलों में भाजपा समर्थित जिला परिषद बनने जा रही है। उन्होंने आज नाहन में कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले हमीरपुर में जिला परिषद की 19 सीटों में से कांग्रेस पार्टी मात्र एक सीट ही जीत पाई है जबकि भाजपा ने 15 सीटों पर जीत हासिल की है। बिंदल ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह नकार दिया है।

### चंबा नगर परिषद

चंबा नगर परिषद में भुवनेश्वरी गुलाटी को अध्यक्ष और जितेंद्र सूर्या को उपाध्यक्ष चुना गया है। ये दोनों कांग्रेस समर्थित पार्षद है और इन्हें सात–सात मत प्राप्त हुए हैं। भुवनेश्वरी गुलाटी ने कहा कि चंबा शहर को स्वच्छ बनाना व सड़कों का सुधार करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चंबा में वर्षों पुराने कूड़ा संयंत्र निर्माण की मांग को भी जल्द पूरा किया जाएगा।

### हरित पंचायत

प्रदेश में हरित पंचायतों की आय का 25 फीसदी हिस्सा अनाथों और विधवाओं के कल्याण पर खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि हरित पंचायत पहल अब राज्य भर के अनाथों व विधवाओं का कल्याण करेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल के सामाजिक कल्याण पक्ष को और सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने राजस्व वितरण मॉडल में संशोधन करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम के तहत प्रदेश की एक सौ ग्राम पंचायतों को पांच सौ किलोवॉट क्षमता की भूमि आधारित सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। इन परियोजनाओं से प्राप्त आय का 20 फीसदी राज्य सरकार को दिया जाएगा, जबकि 25 फीसदी हिस्सा सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा।

### ई–गवर्नेंस राष्ट्रीय पुरस्कार

केंद्र सरकार ने आज वर्ष 2026 के लिए 29वें राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने बताया कि ई–गवर्नेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को कुल 17 पुरस्कार दिए जाएंगे। इनमें 10 स्वर्ण पुरस्कार, 6 रजत पुरस्कार और एक जूरी पुरस्कार शामिल हैं।

———————————————————————————